तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 3 सितंबर 2025

14 सभी अनुविभागीय अधिकारी स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों का सतत...




14 ग्रामीण आवास लागत मूल्य बढ़ाने पीएम के नाम सौंपा...





प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
सत्र - 2025-26
B.Ed. काउंसलिंग से प्रवेश
B.Ed | BCA | PGDCA
DCA | B.P.Ed. | B.P.E.S
B.COM | B.Sc [CS/IT]
PG Diploma in yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 9926162830

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

# अगस्त से छूट समाप्त, इस माह से बिजली के लिए होगी जेब ढीली

## उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक की खपत पर सीधे 50 प्रतिशत की छूट मिल रही थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के लोगों को अब बिजली की दोगुनी मार पड़ने वाली है। बीते सालों में बिजली उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक की खपत पर सीधे 50 प्रतिशत की छूट मिल रही थी। इसलिए उनका बिल आधा आता था। अब सरकार ने एक अगस्त से छूट को समाप्त कर दिया है, जिसका असर सितंबर माह के बिजली बिल में दिखेगा। जिले में लगभग 2 लाख 60 हजार 511 उपभोक्ता हैं। इसमें 85 हजार 512 बीपीएल, 1 लाख 14 हजार 549 सामान्य घरेलू उपभोक्ता और 60 हजार 450 अन्य उपभोक्ता हैं। अब इन उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 558 से 1223 रुपए अधिक बिजली बिल का भुगतान करना होगा। राज्य सरकार द्वारा 1 मार्च 2019 से घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 400 यूनिट तक बिजली की खपत करने पर सीधे 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही थी। इस छूट का लाभ कम यूनिट से अधिक यूनिट तक खपत करने वाले सभी उपभोक्ताओं को मिलता था, इसमें 400 यूनिट से अधिक खपत करने वालों को भी चार सौ यूनिट तक आधी छूट मिलती थी। वहीं 400 यूनिट से अधिक की खपत की बिलिंग पूरे दर से की जाती थी, इस छूट के बाद उपभोक्ताओं के मासिक बिजली बिल में 558 रुपए से 1223 रुपए तक की छूट मिलती थी, जिससे उनको काफी राहत मिल रही थी, यह छूट इस माह से समाप्त हो रही है। जिसका सीधा असर गरीब और मध्यमवर्गीय उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। वहीं राज्य सरकार द्वारा 100 यूनिट से कम खपत करने वाले उपभोक्ताओं को ही 50 प्रतिशत छूट का लाभ देने की घोषणा की गई है।

### 1.40 लाख उपभोक्ता को मिल रहा था लाभ

जिले में पहले 400 यूनिट तक 50 प्रतिशत छूट का लाभ 1 लाख 40 हजार 392 उपभोक्ताओं को मिल रहा था जो एक अगस्त से समाप्त हो गया। शासन ने सिर्फ 100 यूनिट और उससे कम खर्च करने वाले उपभोक्ताओं को ही बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है।



### भादो माह में भी बिल मारेगा करंट

भादो माह में उपभोक्ताओं को बिजली बिल देना पड़ सकता है, क्योंकि अक्सर इस सीजन में बारिश होती है, लेकिन इस दिनभर कूलर व एसी भी चल रहे है। इधर 400 यूनिट के बजाए छूट को अब 100 यूनिट तक कर दिया गया है। ऐसे में अगस्त में उसम भरी गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों ने धड़ल्ले से कूलर और एसी का उपयोग किया। जिससे खपत बढ़ गई, वहीं राज्य सरकार ने एक जुलाई से बिजली दर में वृद्धि कर दी है।

**गुहार:** पीड़ित परिवार को कोई काम नहीं दे रहा, न ही बात कर रहा

# 22 साल से काश्तकारी कर रहे परिवार पर जमीन हड़पने का आरोप, हुक्कापानी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- दबंगों न खेत में मवेशी छोड़ चरा दी धान की फसल, पीड़ित परिवार ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

जिले के तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम जलकी में जमीन विवाद में एक परिवार का हुक्का-पानी बंद कर देने का फरमान गांव के प्रमुखों द्वारा सुनाए जाने का मामला सामने आया है। फरमान के बाद पीड़ित परिवार से ना ही कोई ग्रामीण अब बात करता है और ना ही मजदूरी के लिए खेतों में काम दिया जा रहा है। क्योंकि, जारी फरमान के खिलाफ जाने वालों पर भी गांव ने पांच हजार रुपए का अर्थदंड लगाने की चेतावनी दी है। मामले को लेकर पीड़ित परिवार मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचा और प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई।

दरअसल, जलकी गांव निवासी गणेश ध्रुव के परिवार का गांव में एक 22 साल से 2.5 एकड़ का काबिज संपत्ति है। उस जमीन पर परिवार खेती करता है। इस बात पर गांव के प्रमुखों ने परिवार पर गांव की जमीन को हड़पने का आरोप लगाकर उनका हुक्का पानी बंद करवा दिया। गांव में मुनादी करवाकर परिवार का हुक्का पानी बंद करने का फरमान जारी किया गया है।

पीड़ित गणेश ने बताया है कि ग्राम जलकी में लगभग 2.5 एकड़ वन भूमि को 2003 से काबिज कर उक्त भूमि को कृषि योग्य भूमि खेत बनाकर उसमें खेती कर अपना जीवनयापन कर रहा हूं। इस जमीन से मेरे परिवार का जीवन यापन चल रहा है। उक्त जमीन के अलावा मेरा और कोई जमीन नहीं है। यह जमीन मेरे एवं मेरे परिवार का एकमात्र जीविकोपार्जन का साधन है। मेरे साथ साथ अन्य 40 लोग भी वन भूमि को कृषि योग्य बनाकर उसमे कृषि कार्य कर रहे है। उसने बताया कि उक्त भूमि में मुझे काबिज हुए 22 वर्ष हो चुके है और वर्तमान में हमारे गांव के मुखिया घनश्याम साहू, रामाधार दीवान, गोपीचंद चौधरी , संतोष साहू, हरिराम यादव, निरंजन साहू के द्वारा गांव में बैठक कर मुझे गांव वालों के समक्ष उक्त जमीन को शासकीय जमीन है, और उसे छोड़ने कहा गया। लेकिन, उक्त जमीन को खेती योग्य कर खेती कर रहा हूं एवं मेरे परिवार का जीवन यापन करने का एकमात्र साधन उक्त जमीन है जिसे मैं नहीं छोड़ सकता कहने पर गांव से मेरा हुक्का पानी बंद कर दिया, जिससे मुझे एवं मेरे परिवार को बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। काबिज जमीन में लगाये धान के फसल में खाद एवं दवाई छिड़काव करने के लिये मैंने अपनी पत्नी का गहना गिरवी रख कर खेती कर रहा था। लेकिन, बीते बुधवार को हमारे गांव के मुखिया घनश्याम साहू, रामाधार दीवान, गोपीचंद चौधरी, संतोष साहू, हरिराम यादव निरंजन साहू एवं गांव के अन्य लोगों के द्वारा जानवरों को ले जाकर मेरे उक्त जमीन में लगे धान के फसल को चरा दिया गया। और धान के फसल को चरा कर नष्ट कर दिया। पीड़ित परिवार ने इस समस्या को लेकर मंगलवार को हुए जनदर्शन में कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है एवं दोषियों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है।



### बात करने पर 5 हजार का जुर्माना

सावित्री ध्रुव ने बताया है कि परिवार से गांव में किसी के द्वारा बातचीत नहीं की जा रही है। वहीं उनकी आय का साधन उनके खेती एवं मजदूरी है, उस पर भी मना किया गया है। परिवार से बात करते हुए पाए जाने पर 5 हजार रुपए जुर्माना तय किया गया है, वहीं यदि कोई उनसे बात करता है तो यह जुर्माना भरने का फरमान गांव के लोगों के लिए जारी किया गया है।

# गांजा के अवैध कारोबार में लिप्त 3 लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गांजा के अवैध कारोबार में लिप्त तीन आरोपियों को कोमाखान पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3.33 लाख रुपए का 22 किलो गांजा जब्त किया है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स व कोमाखान पुलिस ने बताया कि कोमाखान क्षेत्र में 1को टेमरी नाका में चेकिंग दौरान मुखबिर सूचना से सूचना मिली कि वाहन मारूति डिजायर क्रमांक ओडी 26 जी 3624 के पीछे डिक्की में अवैध रूप से गांजा रखकर विक्रय के लिये ओडिशा राज्य की ओर से महासमुंद की ओर आने वाला है। उक्त सूचना पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम एवं पुलिस की टीम के द्वारा उक्त वाहन को रोका गया।



वाहन में सवार व्यक्त ने पूछताछ में अपना नाम किशन पटेल पिता बिशेसर पटेल (47 वर्ष) निवासी ग्राम कोटिपदर, थाना राजा खारियार ओडिशा का निवासी होना बताये। पुलिस की टीम के द्वारा तलाशी के दौरान वाहन के पीछे डिक्की में 01 बोरी भरा हुआ था। जिसे खोलकर देखने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल 22 किलोग्राम मिला । आरोपियों से गांजा के संबंध में पूछताछ करने पर ओडिशा से लाना और खुर्सीपार भिलाई, दुर्ग के आनंद देवार व महेश देवार के पास बिक्री करने ले जाना बताया। पुलिस की टीम के द्वारा खुर्सीपार भिलाई, दुर्ग जाकर उक्त व्यक्तियों को पतासाजी कर पकडा गया, जिन्होंने अपना नाम आनंद देवार पिता गब्बर देवार(22 वर्ष) निवासी देवार पारा खुर्सीपार जिला दुर्ग, महेश देवार पिता धनीराम देवार (40 वर्ष) निवासी देवार पारा खुर्सीपार जिला दुर्ग बताया। पूछताछ करने पर उक्त गांजा को किशन पटेल के द्वारा मंगाना बताया गया।

टीम के द्वारा आरोपियों के कब्जे से 22 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 3,33,000 रुपए एवं कार 7,00,000 रुपए तथा 04 नग मोबाईल कीमत 13,000 रुपए कुल कीमत 10,33,000 रुपए को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना कोमाखान में अपराध धारा 20(ख) एनडीपीएस के तहत न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### अगरबत्ती फैक्ट्री में चोरी

**महासमुंद।** भलेसर रोड स्थित अगरबत्ती फैक्ट्री में हुई चोरी के मामले में सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी निलेश कुमार पटेल ने बताया कि उसकी अगरबत्ती फैक्ट्री ग्राम भलेसर रोड कमल राईस मिल के सामने स्थित है। 23 अगस्त को दोपहर 3 बजे अपने फैक्ट्री जाकर देखा तो उसके सामने गेट का ताला टूटा हुआ था। फैक्ट्री के अंदर रखा पुरानी ईस्तमाली सामान 05 एजाज मशीन का मोटर, एक नग मिक्सर मशीन का मोटर, बंबू स्टिक, कलर पैकेट, स्टेबलाईजर, अगरबत्ती सेंट, 05 बेग जोश पाउडर, एक नग कैमरा चोरी हो गए थे। साथ ही 1 सितंबर को जब वह सुबह 10 बजे फैक्ट्री गया तो वहां लगा कैमरा, वाईफाई एवं डीवीआर सेट भी नहीं था। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305 (ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### ऑटो की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** परसकोल रमनटोला में ऑटो की टक्कर से एक बाइक चालक घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर 3 निवासी लकेश्वर प्रसाद शर्मा पिता कृष्ण कुमार शर्मा 28 अगस्त की शाम किसी काम से अपनी मोटर सायकल बजाज पल्सर क्रमांक सीजी 06 जीजेड 3609 में अपने दोस्त के पास रमनटोला गया था। काम खत्म करके वापस घर अयोध्या नगर आ रहा था, तभी परकोल रोड महावीर पार्क के सामने बरोंडा चौक महासमुंद से परसकोल की ओर जा रही बिना नंबर की इलेक्ट्रिक ऑटो के चालक हरिशंकर साहू निवासी कौंदकेरा ने अपने वाहन आटो को तेज गति, लापरवाही पूर्वक एवं खतरनाक ढंग चलाते सामने से बाइक को टक्कर मार दिया, जिससे लकेश्वर गिरकर घायल हो गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मो. व्ही. एक्ट, 125(ए) , 281 बीएनएल के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया गया है।

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी में महिला से मारपीट करने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को रमशीला बाई यादव वार्ड नं 16 भाठापारा बम्हवनी ने बताया कि 1 सितंबर की दोपहर करीब 1.30 बजे उसके जेठ के लड़के खिलावन यादव, कमल यादव, मनोज यादव घर के सामने आए और गाली गलौज करने लगे। बाहर आकर जब गाली देने से मना किया तब पुरानी रंजिश को लेकर वे लोग जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296 , 3(5) , 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# बागबाहरा सीएचसी में एंबुलेंस ड्राइवर ने लगाया टांका, स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवा में लापरवाही का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार घायलों का इलाज डॉक्टर और कर्मचारी होने के बावजूद एम्बुलेंस के ड्राइवर कर रहे हैं। सूत्रों से प्राप्त तस्वीर में ड्राइवर टांका लगाने वाले औजारों से घायल मरीज का इलाज करता नजर आ रहा है। वहीं, अस्पताल के जिम्मेदार उन्हें रोकने के बजाय उनसे सहयोग ले रहे हैं।



बता दें कि सड़क दुर्घटना में दो व्यक्तियों को घायलावस्था में बागबाहरा अस्पताल लाया गया। जहां स्वास्थ्य अमला ड्यूटी में मौजूद था। इस दौरान घायलों का इलाज प्रशिक्षित डॉक्टर, नर्स या ड्रेसर ने नहीं बल्कि उनकी मौजूदगी में एक गैर प्रशिक्षित निजी एम्बुलेंस ड्राइवर ने किया। मामले में स्वास्थ्य विभाग के विरुद्ध नागरिक आक्रोशित हैं। सीएचएमओ महासमुंद आई नागेश्वर राव का कहना है कि यह मामला मेरी जानकारी में नहीं है। बागबाहरा बीएमओ से मामले की जानकारी लेने के बाद ही इस पर कुछ कह पाऊंगा।

### अन्नपूर्णा महाकाली मंदिर से केबल वायर चोरी

**महासमुंद।** मां अन्नपूर्णा महाकाली सिद्ध शक्ति ज्योतिर्मय पीठ पहाड़ी धाम अमेठी में लगे पानी के बोर का केबल वायर चोरी हो गई। जानकारी के अनुसार बीते 30 व 31 अगस्त के मध्य रात्रि माता अन्नपूर्णा धाम के पंप हाऊस में लगे ताले को तोड़कर पंपके केवल वायर को काटकर कोई चोर चोरी कर ले गया। जिसकी जानकारी प्रातः होने पर मां अन्नपूर्णा धाम अमेठी की सेवा समिति के सदस्यों ने चोरी की सूचना खल्लारी थाना को दी। उल्लेखनीय है कि वारदात स्थल पर एक जोड़ी पुराना चप्पल भी पड़ा मिला है। इस संबंध में खल्लारी पुलिस से जांच की मांग की है।

# अनियमितता पाए जाने पर पांच उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी

### नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर मांगा गया जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अनियमितता की शिकायत पाए जाने पर कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में प्रभारी उप संचालक कृषि भीमराव घोड़ेसवार एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ब्रजेश तुरकाने पिथौरा, उषाकांति खेश वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बसना ने विकासखंड बसना एवं पिथौरा के उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान संबंधित फर्म राजा बीज भंडार सांकरा, खत्री बीज भंडार सांकरा, सिन्हा कृषि केंद्र पिथौरा, नायक कृषि केंद्र सागरपाली, किसान कृषि केंद्र भूकेल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संबंधित फर्म में पीओएस स्टाक एवं भौतिक स्टॉक में अंतर पाया गया। इसके अलावा संबंधित फर्म द्वारा मासिक प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराने के कारण संबंधित फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 03 दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है। जवाब प्राप्त होने के पश्चात आगे की कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि जिले में इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कृषकों से कहा है कि कृषक बिल लेकर ही उर्वरक क्रय करें एवं कालाबाजारी की शिकायत पाए जाने पर संबंधित विकासखंडों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को जानकारी दें।

**चराई भूमि दर्ज होने पर अभिलेख दुरूस्ती करने की मांग**

# जमीन को आबादी घोषित किए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

एक ओर शासन प्रशासन द्वारा वर्षों से सरकारी भूमि पर निवास करने वाले लोगों को पट्टे देकर प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य शासकीय योजना का लाभ दिए जाने का दावा किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर जिला मुख्यालय सहित समस्त तहसील व ऐसे कई ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां अब भी वर्षों से निवास करने वाले गरीबों को आवासीय पट्टे नहीं मिल पाए हैं। इसी कड़ी में ग्राम खट्टा प.ह.नं. 9 रा.नि.म. पटेवा तहसील महासमुंद में स्थित शासकीय घास भूमि खसरा नंबर 102 एकबा 0.59 हेक्टर रिक्त शासकीय भूमि को राष्ट्रीय मछुवा कल्याण योजनांतर्गत मछुआरों के लिये आवासीय प्लाट दिये जाने, आबादी घोषित किये जाने का प्रस्ताव होने के बाद अब भी भूमि को घास चराई दर्ज किया हुआ है। जिसके कारण ग्रामीणों ने उक्त जमीन को



आबादी घोषित किये जाने की मांग कलेक्टर जनदर्शन में की गई है।

ग्राम खट्टा के मछुआरों ने बताया है कि उक्त भूमि को अतिरिक्त तहसीलदार पटेवा द्वारा प्रकरण में विधिवत ईश्तहार का प्रकाशन कराया गया तथा ग्राम पंचायत से प्रस्ताव प्राप्त किया गया।

निर्धारित समयावधि के अंदर कोई दावा या आपत्ति प्राप्त नहीं हुआ। वाद भूमि का स्थल निरीक्षण जांच हल्का पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक से कराया गया। लेकिन अब भी वाद भूमि निस्तार पत्रक में घास चराई दर्ज है। अतिरिक्त तहसीलदार के प्रतिवेदन पर अनुविभागीय अधिकारी की अनुशंसा से जारी आदेश से सहमत होते हुये राष्ट्रीय मछुवा कल्याण योजनांतर्गत मछुआरो के लिये आवासीय प्लाट दिये जाने एवं आबादी घोषित किए जाने एवं अभिलेख दुरूस्ती एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अतिरिक्त तहसीलदार पटेवा को अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से भेजे जाने की मांग को लेकर कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन सौंपा गया है।

# हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

**महासमुंद।** हत्या के मामले मे आरोप दोष सिद्ध होने पर अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के विशेष न्यायाधीश अनिता डहरिया ने बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम सोनदादर निवासी 24 वर्षीय उत्तम कुमार यादव पिता गणेश राम यादव को धारा 302 के तहत आजीवन सश्रम कारावास और 2 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर 4 माह का साधारण कारावास अतिरिक्त भुगतना होगा। इसी तरह धारा 201 के तहत दो वर्ष और सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। दोनों सजाएं साथ साथ चलेगी। अभियोजन के अनुसार 13 अगस्त 2023 को नंदू खड़िया ने बागबाहरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह घर में शाम को था उसी समय 6.20 बजे उसकी चचेरी बहन रानीबाई आई और बताई कि उसके पुत्र लकेश्वर को सोनदादर का रहने वाला उत्तम यादव ने सोनदादर पुलिया के पास चाकू मार दिया है। सूचना मिलने पर वे पुलिस के पास गए जहां मनोज चंद्राकर मिला और बताया कि गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर बृजलाल यादव एवं रामकुमार ने बताया कि लकेश्वर के साथ तीनों खेत में काम कर सायकल से वापस आ रहे थे कि शाम करीब 6 बजे सोनदादर पुलिया के पास उत्तम अपने मोटरसाइकिल के साथ खड़ा था। लकेश्वर अपनी साइकिल से उतरा था कि उत्तम उसके पास आया और हाथ में रखे चाकू से पेट में मारा, जिससे अंतड़ी बाहर आ गया उसके बाद हाथ में भी चाकू से वार किया और भाग खड़ा हुआ। गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय ले जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा था। अभियोजन की ओर विशेष लोक अभियोजक राजेंद्र साहू ने पैरवी की।

**खबर संक्षेप**



## ठेका कर्मचारी की मौत मुआवजा देने की मांग

**महासमुंद।** बिलासपुर रेलवे स्टेशन में ठेका कर्मचारी प्रताप बर्मन को रेल विभाग के ठेकेदार द्वारा बिना सेफ्टी उपकरण के रेल गाड़ी के एसी को ठीक करने रेल डिब्बा के ऊपर चढ़ाकर तकनीकी खराबी सुधार करवाया जा रहा था, जो कि हाई वोल्टेज वाली विद्युत तार के संपर्क में आ गया तथा वहां पर उपस्थित अन्य कर्मचारियों द्वारा बचाव करने के बजाय देखते रहे। प्रताप बर्मन घायल अवस्था में स्वतः बचने की प्रयास कर रहे थे कि दोबारा करंट के संपर्क में आने से 90 प्रतिशत झुलस गए तथा ठेकेदार अपने कर्मचारी का त्वरित उपचार कराने के बजाय घटना स्थल से भाग गए। घायल कर्मचारी की अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के लिए बड़ी राशि मांगी गई। गरीब ठेका कर्मचारी के परिजन बड़ी रकम नहीं दे पाए और उपचार के दौरान मौत हो गई है। मृतक के पत्नी व छोटी दुधमुंहे बच्ची है, जो बेसहारा होने के साथ इनके भविष्य अंधकारमय हो गई है। उक्त घटना ठेकेदार व मौके वारदात पर उपस्थित रेलवे कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से हुई है। साथ रेलवे विभाग द्वारा भी ऐसे ठेकेदारों पर कर्मचारियों को सेफ्टी उपकरण उपलब्ध कराने के लिए सख्ती नहीं की गई। यदि सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराया रहता या वहां मौजूद कर्मचारियों द्वारा पहली बार झटका लगने पर ही सुरक्षित बचाने की प्रयास करते तो संभवतः प्रताप बर्मन की मौत नहीं होती।
प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने केंद्रीय रेल मंत्री व मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर महासमुंद को लिखित ज्ञापन के जरिए मृतक के परिजन को आर्थिक सहायता व सरकारी नौकरी दिए जाने के साथ लापरवाह ठेकेदारों को ब्लेक लिस्टेड कर अन्य कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष सुधार करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष विजय बंजारे, सचिव रेखराज बघेल, बागबाहरा ब्लॉक अध्यक्ष चिंता साय, गणेश टंडन ब्लॉक सचिव महासमुंद, संघर्ष समिति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष चमन कुर्रे, शिक्षा प्रकोष्ठ के राजेश रात्रे, फनेंद्र बंजारे व पिंकी राज बघेल शामिल रहे।

## भखारा में डीजे डांस स्पर्धा 4 को



**अंवरी।** जय बजरंग गणेशोत्स्व समिति के तत्वावधान में बजरंग चौक नगर पंचायत भखारा में राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 4 सितम्बर को किया जा रहा है। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 15001 रूपये, द्वितीय 10001 एवं तृतीय पुरस्कार 5001 रूपये रखा गया है। एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5001, द्वितीय 3001 एवं तृतीय पुरस्कार 1501 रूपये है। प्रवेश शुल्क सामूहिक में 501 रूपये एवं एकल में 201 रूपये रखा गया है। तैयारी में नितिन साहू, रोहित साहू, वेदांत साहू एवं तुषार साहू जुटे हैं।

# महासमुंद के पैरा एथलेटिक्स ने जीता 3 स्वर्ण, 1 रजत व 1 कांस्य पदक

## अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुखदेव ने 400, 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता, निखिल ने 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा 14वीं जूनियर एवं सब जूनियर नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025, 29 से 31 अगस्त तक अटल बिहारी वाजपेई दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र ग्वालियर मध्यप्रदेश में आयोजित किया गया। जिसमें महासमुंद जिले से कुल 05 खिलाड़ियों ने भागीदारी किया। फॉर्चून फाउंडेशन करमापटपर बागबाहराखुर्द बागबाहरा के संस्थापक एवं राष्ट्रीय टीम के प्रशिक्षक एवं मैनेजर निरंजन साहू ने बताया कि 3 बालक एवं 2 बालिका खिलाड़ी एवं कोच मैनेजर व गाइड रनर देवेंद्र ठाकुर व मेघराज यादव, सहायक स्टॉफ दिव्य लोचन व रश्मि साहू शामिल हुए। जूनियर पुरुष वर्ग-टी 11 कैटेगरी में सुखदेव कैंवट ने 400, 1500 मीटर दौड़ में भागीदारी किया एवं 400 मीटर में स्वर्ण पदक एवं 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल किया। टी 12 कैटेगरी में निखिल कुमार यादव ने 400 एवं 1500 मीटर दौड़ में भागीदारी किया एवं 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल किया। टी 12 कैटेगरी में नोशन लाल पटेल ने 200, 400 व 1500 मीटर दौड़ में भागीदारी किया एवं 1500 मीटर दौड़ में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर महिला-टी 12 कैटेगरी में नीलम टंडन ने 400 मीटर दौड़ में भागीदारी किया एवं रजत पदक जीतने में सफलता हासिल किया। टी 11 कैटेगरी में देवमोती ने लॉन्ग जंप में भागीदारी किया एवं लॉन्ग जंप में कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल किया। सभी खिलाड़ियों ने राज्य के लिए पदक जीतकर जिले व प्रदेश का नाम रौशन किया। इससे पहले सुखदेव ने 7वीं ओपन इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 11 से 12 जुलाई 2025 को बेंगलूरु कर्नाटका में 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था।



### उपलब्धि पर जताया हर्ष

चैंपियनशिप में महासमुंद के 5 खिलाड़ियों को भागीदारी करने एवं 5 पदक जीतने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू, सचिन भूतड़ा, उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, निरंजन साहू, प्रदेश सचिव डिकेश टंडन, डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही, पारस चोपड़ा, डॉ विकास अग्रवाल, डॉ पुरेंद्र चंद्राकर, जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन महासमुंद अध्यक्ष निरंजन साहू, सचिव तोरण यादव, विजू पटनायक, विपिन मोहंती, पुष्पेंद्र चंद्राकर, अपूर्व पांडे, सविता निषाद, भूमिका यादव, रश्मि साहू, दिव्यलोचन साहू, भेखलाल साहू, तुलसीराम बरिहा, दिलेश्वर चंद्राकर, मायाराम पटेल, विकास बग्गा, जिला एथलेटिक्स संघ महासमुंद सचिव डॉ. सुनील कुमार भोई, लक्ष्मीप्रिया साहू, फॉर्चून फाउंडेशन विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टॉफ ने हर्ष जताया है।

# कलेक्टर जन चौपाल में पीएम आवास, अवैध कब्जा, सड़क मुआवजा राशि समेत अनेक समस्याओं की लगी झड़ी

## प्रभारी कलेक्टर नंदनवार ने जन चौपाल में सुनी आमजनों की समस्याएं, अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रभारी कलेक्टर हेमंत नंदनवार ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। उन्होंने संबंधित विभाग को आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 51 आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए। उन्होंने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी-बारी सुनी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, एसडीएम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। जन चौपाल में पिथौरा निवासी जितेंद्र चौहान ने पेंशन का लाभ दिलाने, कोमाख़ान निवासी चंद्र कुमार साहू ने वन अधिकार मान्यता पत्र, ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर पिथौरा निवासी ललित कुमार सिंह ने राशन कार्ड में नाम दर्ज कराने, ग्राम उड़ेला बसना निवासी शिव प्रसाद नाग द्वारा बीमा की राशि दिलाने एवं ग्राम लोहारडीह तुमगांव के ग्रामवासियों ने शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किए जाने के संबंध में आवेदन किए गए। चौपाल में पीएम आवास योजना, अवैध अतिक्रमण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुआवजा राशि, साथ ही अन्य माँग एवं शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त हुए, जिस पर शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।




## प्रदेश के रजत जयंती पर तीज मिलन सहपोषण बाल मेला का आयोजन

**महासमुंद।** महिला एवं बाल विकास परियोजना बागबाहरा में परियोजना स्तरीय रजत जयंती उत्सव पर तीज मिलन सह पोषण बाल मेला और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला बालकल्याण समिति की सभापति मधुलिका गणेश चंद्राकर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर जनपद सदस्य दिव्या उपेंद्र दीवान उपस्थित रहीं। अतिथियों की उपस्थिति में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सरस्वती पूजन पश्चात महिला बाल विकास की कड़ियों के महत्व को बताया गया। परियोजना के समस्त 13 सेक्टर की सुपर वाइजर एवं सभी 381 आंगनबाड़ी केंद्रों के बीच टॉय मेकिंग, व्यंजन प्रतियोगिता फैंसी ड्रेस, 1 मिनट शो, डांस, रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिताएं करवाई गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दुल्हन फैशन शो रहा। जिसमें हर सेक्टर की कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। टॉय मेकिंग में प्रथम उखरा सेक्टर की नारियल की चिड़िया और घोंसला, द्वितीय बोरे का टेडी बियर तृतीय बागबहरा सेक्टर रहा। व्यजंन प्रतियोगिता में प्रथम पटपरपाली सेक्टर, द्वितीय सिर्री तृतीय खम्हरिया सेक्टर रहा। दुल्हन फैशन शो में प्रथम उखरा सेक्टर से डालेश्वरी, द्वितीय घुंचापाली अंजू और तृतीय खम्हरिया सेक्टर की रेखा रही। फैंसी ड्रेस में प्रथम छत्तीसगढ़ महतारी वार्ड 2 की रुद्राक्षी मानिकपुरी, द्वितीय वार्ड 7 के कान्हा निखिल ओगरे, तृतीय वार्ड 3 की परी सौम्या रही। रंगोली में प्रथम वार्ड 2 संध्या प्रथम, द्वितीय वार्ड 5 ऋषिका यादव, तृतीय वार्ड 4 रूपांशी, मेहंदी में प्रथम वार्ड 4 दिशा बघेल, द्वितीय वार्ड 5 मोना वैरागी, तृतीय वार्ड 13 की प्रियंका तांडी रही।

## माता के अपमान पर मातृशक्तियों में आक्रोश, की निंदा

**महासमुंद।** बिहार में कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के एक कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माता के प्रति की गई अमर्यादित टिप्पणी पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने इस निंदनीय कृत्य के विरोध में प्रदर्शन किया। जिसमंए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी एवं राजद नेता तेजस्वी यादव का पुतला दहन किया गया। इसमें मातृशक्तियों ने विशेष रूप से बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिनमें जनपद पंचायत महासमुंद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर समेत भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, मीना वर्मा, शुभ्रा शर्मा, पार्वती साहू, उषा पाल, सुनिता साहू समेत अन्य भाजपा नेता भी शामिल हुई।



# गणेश प्रतिमाओं का स्वरूप बदलकर सनातन धर्म का किया जा रहा अपमान : हर्ष चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष हर्ष चंद्राकर ने कहा कि भगवान गणेश की प्रतिमाओं को शास्त्र सम्मत न बनाकर तथा विकृत स्वरूप देकर सनातन धर्म का अपमान जाने अनजाने में कुछ मूर्तिकार तथा गणेश समितियों द्वारा किया जा रहा है। इस पर तत्काल रोक लगाना आवश्यक है। महासमुंद के अनेक स्थानों पर भगवान गणेश की प्रतिमाओं को आधुनिक और कार्टूननुमा रूप देकर स्थापित गया है। गणपति को सदियों से पारंपरिक रूप में पूजा जाता रहा है। लेकिन, हाल के वर्षों में कुछ मूर्तिकार और कारोबारी गणेश प्रतिमाओं को "क्यूट", "कार्टून" और आधुनिक अंदाज में बनाकर बाजार में बेच रहे हैं। इससे धार्मिक आस्थाओं को ठेस पहुंच रही है। इन मूर्तियों में भगवान गणेश के पारंपरिक स्वरूप को विकृत कर व्यंग्यात्मक और हास्यजनक ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है। इस तरह की मूर्तियां त्योहार की गंभीरता और धार्मिक भावना को आहत करती हैं।



जिलाध्यक्ष हर्ष चंद्राकर ने आगे कहा कि आज हम सभी सनातनियों को इस विषय पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है कि हम अपनी भावी पीढ़ी को अपने धर्म और परम्परा से किस प्रकार साक्षात्कार करा रहे हैं। हमारे वेदों और पुराणों में हर देवी-देवताओं को एक मूल स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है। जिसके आधार पर हम उनकी उपासना करते है। आज आधुनिक युग में व्यक्ति अपने बच्चों को वेद पुराण की ज्ञान नहीं दे पा रहा। ऐसे में यह पर्व, उत्सव के माध्यम से ही हम भावी पीढ़ी को संस्कृति व परंपरा से अवगत कराते हैं। लेकिन, इस तरह की प्रतिमाओं से सनातन धर्म की मजाक बन रही है। उन्होंने मांग की है कि ऐसी सभी प्रतिमाओं के पंडालों में जाकर प्रशासन चिन्हित करें तथा उन्हें भविष्य में इस तरह की प्रतिमाओं के स्थापना पर सख्ती से रोक लगाएं। साथ ही भविष्य में इस तरह की मूर्तियों का निर्माण और बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित की जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते प्रशासन कार्रवाई नहीं करेगी तो भावी पीढ़ी पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। चंद्राकर ने आगे कहा कि भगवान गणेश को क्यूट या कार्टून स्वरूप में दिखाना धार्मिक मान्यताओं के साथ खिलवाड़ है। कलाकारों को अपनी रचनात्मकता का इस्तेमाल करते समय परंपराओं और भावनाओं का ध्यान रखना चाहिए। आज भगवान को अनेक स्थानों पर अन्य देवी देवताओं का स्वरूप दे दिया गया है। इसके अलावा अनेक स्थानों पर फिल्म के पात्रों का रूप देना पण्डालों में फ़िल्मी गीत चलाये जाना सनातन का घोर अपमान है। विश्व हिंदू परिषद इसका पुरज़ोर विरोध करता है तथा सभी हिंदू सनातनियों से अपील करता है कि ऐसे सनातन विरोधी कार्य का विरोध करें।

# शेर स्कूल में छात्रों को दी गई नेत्र सुरक्षा के उपाय की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला अंधत्व एवं अल्पदृष्टि नियंत्रण समिति के अध्यक्ष व कलेक्टर विनय लंगेह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा आई नागेश्वर राव के निर्देशानुसार एवं जिला नोडल अधिकारी अंधत्व डॉ. अनिल गोरियार व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विकास चंद्राकर के मार्गदर्शन में 02 अगस्त मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला शेर में 40वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को नेत्रदान के संबंध में जानकारी दी गई। नेत्र सुरक्षा के उपाय के बारे में विस्तार से बताया गया।

विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया गया कि आज के समय में अंधत्व का एक महत्वपूर्ण कारण कार्निया (दृष्टि पटल) में सफेदी आ जाना होता है। कार्नियल दृष्टिहीनता के मुख्य कारण आंखों में चोट लगना, आंखों में संक्रमण, बच्चों में कुपोषण, जन्मजात दृष्टिहीनता, बच्चों में विटामिन ए की कमी है। आंखों को नुकीली वस्तुए, पेंसिल, तीन कमान, गिल्ली डंडा के चोट, गाडी चलाते समय चश्मे का प्रयोग (धूल, कीड़े से बचाव के लिए), रसायनिक पदार्थों के संपर्क में आने से बचाना है। यदि उन्हें कार्निया (दृष्टि पटल) उपलब्ध हो जाए तो उनकी आंखों में रोशनी वापस आ सकती है और वह इस रंगीन दुनिया को फिर से देख सकता है। मृत्यु उपरांत नेत्रदान की गई आंखों से हम दो व्यक्तियों के जीवन में अंधापन दूर कर रोशनी ला सकते है और इस पुण्य काम में सहयोग कर सकते हैं। नेत्रदान मृत्यु के 4 से 6 घंटे के भीतर किया जाता है। इसमें आंखों को न ही बेचा जा सकता है और न ही खरीदा जा सकता है। इसमें न ही जाति, धर्म, लिग में भेदभाव किए बिना दृष्टिहीन लोगों को नेत्रदान से प्राप्त नेत्र को प्रत्यारोपित किया जाता है। कुछ ग्रसित बीमारियों वाले जैसे सेप्टीसिनिया, हेपेटाईटिस बी, सी, एड्स, ब्लड कैंसर, रैबीज, हैजा, जहर खाने से हुई मृत्यु, सर्पदंश व तालाब में डूब जाने से, फांसी लगाने से मृत व्यक्ति के शरीर से नेत्रदान नहीं किया जा सकता है। नेत्रदान करने वाला व्यक्ति चाहे किसी भी धर्म या जाति का क्यों न हो, मृत्यु उपरांत अपनी आंखों को दान कर हमेशा के लिए दूसरों की आंखों की रोशनी बनकर अमर हो सकता है।



नेत्र सहायक अधिकारी रामेश्वर सिन्हा द्वारा विद्यालयीन छात्रों को कंजक्टिवाइटिस, आँखों की सुरक्षा के उपाय के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। नेत्र सहायक अधिकारी संजय चंद्राकर ने इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए दृष्टिदोष, विटामिन ए की कमी, कंप्यूटर सिंड्रोम आंखों की अन्य गंभीर बीमारी एवं मरोपरांत नेत्रदान की प्रकिया के बारे में बताया। कार्यक्रम विकासखंड महासमुंद के समस्त नेत्र सहायक अधिकारी भानूप्रताप ध्रुव, आशीष देवांगन, रविकांत गायकवाड़, सोमनाथ साहू, भुनेश्वरी साहू, पुष्पलता नाग एवं विद्यालय के प्राचार्य एसबी लाल, व्याख्यातागण दिव्या ताम्रकार, नरेश विश्वकर्मा, आशा सिन्हा अन्य व्याखतागण एवं कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित थे। मंच संचालन व्याख्याता हितेंद्र शर्मा ने किया।

## मजबूरन हो रहे पलायन पर हुआ गहराई से मंथन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में मजबूरन हो रहे पलायन के गंभीर विषय पर प्रयोग समाज सेवी संस्था द्वारा राजधानी में राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। संस्था पिछले चार वर्षों से पलायन की समस्या और इसके सामाजिक-आर्थिक प्रभावों पर कार्यरत है। इस सम्मेलन में रायपुर, धमतरी, गरियाबंद और महासमुंद ज़िलों के सामाजिक संगठनों, विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों ने भागीदारी की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तुलसी कौशिक (निज सहायक, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनील कुमार यादव, गौतम बंद्योपाध्याय, प्रकाश कुमार और कृष्ण प्रसाद सिन्हा मौजूद रहे। जिन्होंने अपने अनुभव और विचार साझा किए। संस्था ने बताया कि उसने बीते वर्षों में धमतरी, गरियाबंद और महासमुंद जिलों में पलायन की जमीनी हकीकत को करीब से देखा है। सुरक्षित पलायन को बढ़ावा देने के बावजूद संस्था का अनुभव रहा कि छत्तीसगढ़ राज्य पलायन नीति 2020 के क्रियान्वयन में कई गंभीर खामियां हैं। इन खामियों को चिन्हित करने के लिए संस्था ने विशेषज्ञ पद्मराव नडिमिंती के सहयोग से गहन अध्ययन किया, जिससे प्रशासनिक स्तर और श्रमिक स्तर दोनों पर महत्वपूर्ण अंतराल सामने आए। इसी अध्ययन के आधार पर संस्था ने एक विस्तृत नीति-पत्र तैयार किया। जिसे मुख्य अतिथि तुलसी कौशिक को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया। संस्था ने उनसे आग्रह किया कि इस विषय पर श्रम विभाग एवं मुख्यमंत्री जी के साथ गंभीर चर्चा सुनिश्चित की जाए। कौशिक ने आश्वासन दिया कि वे व्यक्तिगत रूप से इस नीति-पत्र को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे और यदि इसमें दिए गए सुझाव उपयोगी पाए जाते हैं, तो उन्हें राज्य की पलायन नीति में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में अरुण कोशरिया ने नीति-पत्र और पलायन नीति पर विस्तार से जानकारी दी। मंच संचालक पूरब धुरंधर ने किया। संस्था के अध्यक्ष सीता राम सोनवानी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि समाज और सरकार की सक्रिय भागीदारी से ही पलायन नीति में ठोस सुधार संभव हो सकेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में निर्मला कुजूर, देवेंद्र वर्मा, अमीषा साहू एवं प्रयोग संस्था की टीम की विशेष सहयोग एवं भूमिका रही।

# टीचर्स ने लंबित पदोन्नति को लेकर जेडी ऑफिस रायपुर का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन महासमुंद के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी ने बताया कि संभाग प्रभारी देवनाथ साहू के नेतृत्व एवं प्रांतीय संयोजक सुधीर प्रधान, प्रांतीय महासचिव शोभा सिंहदेव, प्रांतीय संगठन मंत्री पूर्णानंद मिश्रा, प्रांतीय प्रचार मंत्री केशवराम साहू, कार्यकारी जिलाध्यक्ष सादराम अजय, जिला संयोजक लालजी साहू, जिला सचिव नंदकुमार साहू, जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा की विशेष उपस्थिति में माध्यमिक शाला प्रधान पाठक एवं सहायक शिक्षक से शिक्षक पदोन्नति की मांग को लेकर संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर का घेराव किया गया।

जिलाध्यक्ष ने घेराव को संबोधित करते हुए कहा कि माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के ई एवं टी संवर्ग की पदोन्नति संभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते विगत 03 साल से लंबित है। जबकि, छत्तीसगढ़ के बाकी चारों संभाग में माध्यमिक शाला प्रधान पाठक की पदोन्नति 2 बार पूरी की जा चुकी है। घेराव की तिथि नजदीक आने पर संयुक्त संचालक शिक्षा द्वारा टी संवर्ग की पदोन्नति समय सारिणी जारी किया जाना छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की एकजुटता का परिणाम है। नारायण चौधरी ने बताया कि संगठन ने सर्वसम्मति से यह निर्णय किया कि जब तक टी संवर्ग की तरह ई संवर्ग की पदोन्नति की समय टेबल जारी नही हो जाता है, तब तक सामूहिक प्रदर्शन जारी रहेगा। घेराव कार्यक्रम में रायपुर संभाग के पांचों जिला से बड़ी संख्या में शिक्षक संवर्ग उपस्थित होकर एकजुटता के साथ मांगों के निराकरण के संबंध में जमकर नारेबाजी किए और शीघ्र निराकरण करने का ज्ञापन सौपा गया।

संयुक्त संचालक शिक्षा रायपुर संभाग संजीव श्रीवास्तव ने प्रतिनिधि मंडल से बातचीत करते हुए ई संवर्ग की समय सारिणी के प्रकाशन के लिए कुछ समय मांगा। संगठन ने सयुंक्त संचालक शिक्षा को 07 दिवस का समय देते हुए स्पष्ट कहा है कि अगर एक सप्ताह में ई संवर्ग की पदोन्नति समय सारिणी जारी नही किया जाता है तो संगठन उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। अपने ज्ञापन में संगठन ने सहायक शिक्षक से शिक्षक पदोन्नति के लिए शीघ्र शेड्यूल जारी करने तथा विगत 03 वर्ष से पदोन्नति न दिए जाने के कारण सभी पदोन्नत होने वाले साथियों को विगत 03 वर्ष का पत्र वरिष्ठता देने की भी मांग रखी। जेडी रायपुर संभाग ने सभी मांगों पर सकारात्मक चर्चा उपरांत कहा कि सभी मांगों के निराकरण के लिए उचित कार्यवाही शीघ्र की जाएगी।



घेराव प्रदर्शन में महासमुंद से खिलावन वर्मा, पवन साहू, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश साहू, महेंद्र चौधरी, गजेंद्र नायक, ललित साहू, मनीष अवसरिया, देवेंद्र चंद्राकर, लक्ष्मणदास मानिकपुरी, राधेश्याम पटेल, गौरी शंकर पटेल, कैलाश पटेल, देवेंद्र भोई, वारिस कुमार, महेंद्र पाल साहू, डेनियल तांडी, हेमंत दास, राजेश साहू, राधे पटेल, ईश्वरी साहू, खोशील गेंड्रे,चंद्रशेखर मन्नाडे,थानू साहू, हेमलाल तोंद्रे, अशोक मानिकपुरी, खेमराज दीवान, योगेश्वर चंद्राकर, योगेश मधुकर, लक्ष्मीकांत मंगेशकर, केवल साहू, लक्ष्मीकांत सकरिया, सोनी चंद्राकार, हितेंद्र साहू, वारिश कुमार, हेमंत दास,दा तांडी, राजेश साहू, सुरेश साहू, घनश्याम साहू, ज्योति कुमार पटेल, पवन पटेल, भूपेश भोई, दिवाकर बारीक, छोटूनाथ बंजारे, हिमांशु भूषण यादव, उसत विभार, अमित चौरसिया, चंद्रकांत चौरसिया, उर्मिला मिश्रा, अवध साहू, विजय सिदार, पवन यादव, कैलाश चंद्र, देवेंद्र भोई, नरेश बारीक, रामलाल साहू, देव सिंह सिदार, अनूप नायक, मनोज पटेल, नमोकंकड़ प्रसाद, राजेश साहू, विजय सामल, नारायण ग़बेल, राजेश साहू कोलता, तुलसी बारिहा, भागवत प्रसाद, यशवंत दीवान, तुलसी पटेल, प्रदीप पटेल, नरेश बारिहा, उमाशंकर पटेल, अरक्षित बारिहा, खगेश्वर डडसेना, रामसाय साहू, भागवत प्रसाद डडसेना, भोजराज प्रधान, सुखराम ठाकुर, रेखा प्रधान, रोमनाथ चंद्राकर, ओमप्रकाश साहू, हीरालाल साहू, महेश बघेल, तुलाराम राणा, अंजय कश्यप, अहिर बरिहा, सालिक राम बंजारे, पुरुषोत्तम बाघ, मुकेश डड़सेना, महेश साहू, देवेन्द्र चंद्राकर, घनश्याम चक्रधारी, लालजी साहू, गजानंद दीवान, चमन चंद्राकर, रोहित ठाकुर, सतीश शुक्ला, स्वाति सोनी, राजेंद्र पांडे, खगेश्वर साहनी, गजराज पांडे, लुभान दीवान, रामनारायण साहू, योगेश साहू, नीलकुमार ध्रुव, खेमचंद चक्रधारी, पवन कुंजाम, दमयंती कौशिक, सुखराम चंद्राकर, गजानन दीवान, हरियर दीवान, विसंभर ठाकुर, सियाराम साहू, हरेंद्र मंडले, भागवत पटेल, गीता सोना, संजय ध्रुव, सुखराम चंद्राकर, रामप्यारे साहू सहित बड़ी संख्या में शिक्षक संवर्ग सम्मिलित हुए। उक्ताशय की जानकारी जिला सचिव नंदकुमार साहू एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी।

## खबर संक्षेप



### प्राणी शास्त्र विभाग में छात्र परिषद का गठन अध्यक्ष बनीं अंजलि

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग में छात्र परिषद का गठन एवं एमएससी के नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत प्राचार्य करूणा दुबे की अध्यक्षता किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य दुबे, प्राणीशास्त्र सहायक प्राध्यापक प्रियंका सोनवानी, प्रियंका चक्रधारी, लैब टेक्निशियन मिलाप सिंह ध्रुव, लैब परिचारक संदीप यादव आदि मौजूद रहे। इस मौके पर प्राचार्य ने परिषद गठन के उद्देश्य को बताया। छात्रों को व्यक्तित्व विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभागध्यक्ष प्रियंका सोनवानी ने बताया कि अध्यक्ष अंजलि साहू, उपाध्यक्ष कुसुम साहू, सचिव भूपेंद्र नागेश, सहसचिव शारदा साहू, कार्यकारिणी सदस्य ट्विंकल साहू, सोनिया दीवान, नोकिता साहू, कंचन पटेल, चंद्रकला, चांदनी साहू शामिल है। इसके बाद व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निर्णायक के रूप में रसायन विभाग से प्रदीप कन्हेर, सरस्वती सेठ, नम्रता तंबोली एवं भौतिक विभाग से जगदीश सत्यम मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता प्रथम चांदनी साहू, द्वितीय चंद्रकला साहू एवं तृतीय प्रभात चौहान रहे।

### जिले में 1 से 7 सितंबर तक अंतरराष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर से प्राप्त कार्ययोजना अनुसार सभी के लिए शिक्षा पर केंद्रित योजना उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप वित्त वर्ष 2022-27 के दौरान क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पांच घटक है, जिसमें बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यावसायिक कौशल एवं सतत शिक्षा शामिल है। देशव्यापी कार्यक्रम में जनभागीदारी सुनिश्चित किए जाने एवं वातावरण निर्माण के लिए 01 से 07 सितंबर 2025 तक साक्षरता सप्ताह व 8 सितंबर 2025 को अंतरराष्ट्रीय को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया जाना है। जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कमल नारायण चंद्राकर एवं नोडल अधिकारी उल्लास कार्यक्रम संपा बोस ने सभी विकासखंड नोडल अधिकारियों का समीक्षा बैठक आयोजित कर 01 से 08 सितंबर 2025 तक प्रति दिवस कार्यक्रम आयोजित कराने निर्देशित किया है।

### चर्रा में कबड्डी प्रतियोगिता कल

**कुरूद।** ग्राम चर्रा में जय मां दंतेश्वरी समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन दंतेश्वरी चौक चर्रा में 4 सितंबर गुरुवार को रखा गया है। प्रथम पुरस्कार 10001, द्वितीय 7000, तृतीय 5000, चतुर्थ पुरस्कार 3000 रुपए प्रदान किया जाएगा।

# बेमचा स्कूल के 16 खिलाड़ी राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता जशपुर में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन जशपुर में 04 से 07 सितंबर 2025 तक आयोजित किया गया है। महासमुंद जिले की 17 वर्ष बालक टीम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा की टीम संभाग विजेता बनकर क्वालीफाई किया। जिले से हॉकी 17 वर्ष बालक टीम के खिलाड़ियों में शासकीय उमावि बेमचा के राकेश निषाद, पुष्कर साहू, डोगेश निषाद, फलेश यादव, गणेश सेन, राजकुमार निषाद, देवेश कुमार चंद्राकर, सागर सेन, टोमेश चंद्राकर, सागर चंद्राकर, जय चंद्राकर, देवेंद्र ध्रुव, हर्ष कुमार बघेल, अरविंद विश्वकर्मा, प्रभात कोसरे, सेवक राम विश्वकर्मा शामिल हैं। जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे ने सभी खिलाड़ियों को स्वास्थ्य रहने एवं जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने पर शुभेच्छा जताई। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित ग्रामीण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना अंतर्गत विद्यालय को हॉकी खेल उपकरण प्रदाय किया गया है।



जिसके माध्यम से नियमित खेल अभ्यास हो रहा हैं। विद्यालय के हॉकी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए संभाग विजेता बनने एवं राज्य प्रतियोगिता में शामिल होने का गौरव प्राप्त किया। राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में शामिल होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरें, खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना ढालेन, प्राचार्य बेमचा एसआर पाटकर, लखनू राम निर्मलकर, डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, पीके ध्रुव, वायएस बलिहार, नवीन चंद्राकर, तुलेंद्र सागर, किरण पटेल, तारिणी कहार, कुन्ती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, आराधना साहू, रुक्मणी साहू, टाकेश्वर साहू, तृप्ति डेनियल, शहनाज बानो, हेमिन जलक्षत्री, खेमराज साहू, रेणु सिंह एवं समस्त व्यायाम शिक्षक डॉ सुनील कुमार भोई, अंजनी साहू, इंद्राणी भास्कर आदि, जिला हॉकी संघ पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।

## प्रदर्शन : राहुल गांधी के सभा में पीएम की माता के अपमान का विरोध

# शहर में भाजयुमो ने फूंका राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिला भाजपा युवा मोर्चा द्वारा स्थानीय बरोंडा चौक में राहुल गांधी, तेजस्वी यादव व कांग्रेस का पुतला जलाकर बिहार के दरभंगा में आयोजित कांग्रेस के एक चुनावी सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए कहे गए अपशब्द की कड़ी निंदा की। पुतला दहन कार्यक्रम के प्रभारी जिला भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री अमन वर्मा व सहप्रभारी भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री रहे।

पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने इसे बेहद निंदनीय बताया। कार्यक्रम में कई अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की आपत्तिजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा की। भाजपा युवा मोर्चा ने कांग्रेस का हताशा व निराशा का प्रतीक बताते हुए मातृ शक्ति का अपमान निरूपित किया। इस दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं व समस्त भाजपाजनों ने मातृ शक्ति का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान के नारे लगाते हुए कांग्रेस के सभा में उपस्थित



राहुल गांधी, तेजस्वी यादव समेत सभी लोगों का विरोध करते हुए पुतला दहन किया। पुतला दहन प्रभारी जिला महामंत्री भाजयुमो अमन वर्मा ने कहा कि जिस तरह राहुल गांधी के मंच से प्रधानमंत्री को अपशब्द कहा गया है, वह न सिर्फ शर्मनाक है बल्कि भारतीय राजनीति के स्तर को गर्त में धकेलने वाला है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह बेहद गलत संदेश है, जनता इसे कभी माफ नहीं करेगी। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी पर राजनीति को निम्नतम स्तर पर ले जाने का आरोप लगाया।

### यह रहे इस दौरान मौजूद

इस मौके पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, जिला कोषाध्यक्ष थानसिंह दीवान, गोविंद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, मंडल महामंत्री एमआर विश्वनाथन, पूर्व मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर, राजू चंद्राकर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, मीना वर्मा, शुभ्रा मनीष शर्मा, पार्वती साहू, सुनीता साहू, सीता तोंडेकर, उषा पाल, दिनेश रूपरेला, भाऊ राम साहू, देवेंद्र चंद्राकर, मनीष शर्मा, गोविंद साहू, मनीष शर्मा, गोपी कन्नौजे, जितेंद्र चंद्राकर, हनीश बग्गा, खुशाल ठाकुर, जतिन रूपरेला, कादर राजपूत, आयुष दुबे, आकाश पांडे, पूनम निषाद, राहुल साहू, सुमित जैन, श्रीकांत शर्मा, अभिषेक पांडे, अमित साहू, गुड्डा सिन्हा, अमित साहू, नईम खान, पीयूष साहू, निश्चय चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, शुभम बाघ, दीपक राव, महेश साहू, रामेश्वर पटवा, सोनधर सोनवानी, नरेश नायक, पांडुराम मदनकार, युवराज राजपूत, माणिक, महेंद्र सिक्का, गौरव राठी, गुड्डा सिंहा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, युवा मोर्चा के पदाधिकारी उपिस्थत रहे।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों को तत्काल प्रदान किया गया पेंशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

राज्य शासन की मंशा अनुरूप जिला प्रशासन ने सोमवार को एक संवेदनशील एवं सराहनीय पहल करते हुए शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त शिक्षकों को सेवानिवृत्ति के अगले ही दिन पेंशन अदायगी आदेश (पीपीओ) प्रदान किया।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन तथा जिला शिक्षा



अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक संचालक सतीश नायर एवं जिला कोषालय अधिकारी महासमुंद संजय कुमार चौधरी के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुंद हेमंत रमेश नंदनवार (आईएएस) द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षकों को पीपीओ प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुरलीधर भोई, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला खैरमाल, जो 31 अगस्त 2025 को सेवानिवृत्त हुए, को विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी की पहल पर 1 सितंबर 2025 को ही अवकाश नगदीकरण की राशि, जीपीएफ फाइनल पेमेंट, जीआईएस, एफबीएफ राशि तथा उपादान राशि के साथ पीपीओ प्रदान किया गया। इसी प्रकार चंद्रहास पात्र, प्रधान पाठक (मिडिल स्कूल) को भी पीपीओ आदेश सौंपा गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिन्होंने अपना पूरा जीवन नई पीढ़ी को गढ़ने में समर्पित किया। प्रशासन की ओर से यह हमारा दायित्व है कि उन्हें सेवा निवृत्ति के पश्चात त्वरित सुविधा और सम्मान मिले। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों को प्रशासन की ओर से शॉल एवं फल भेंटकर सम्मानित भी किया गया। उप कोषालय अधिकारी सरायपाली अनिमेष सिंह द्वारा रिटायरमेंट के अगले ही दिन भुगतान सुनिश्चित किया गया। इस त्वरित कार्रवाई में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के शाखा प्रभारी रुपेश महापात्र का विशेष योगदान रहा।



### निष्पक्ष जांच कर तुमगांव नपं अध्यक्ष की रिहाई की मांग

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के पार्षदों व नागरिकों ने महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक के नाम एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडेय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि पुलिस द्वारा नपं अध्यक्ष बलरामकांत साहू को फर्जी एफआईआर के आधार पर अनैतिक रूप से जेल में निरुद्ध किया है। पूर्व में अध्यक्ष साहू द्वारा पार्षदों व नगरजनों के साथ तुमगांव में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांग की गई थी। उनके मांग पर पुलिस ने कार्रवाई न कर उल्टे उन्हीं पर झूठी रिपोर्ट दर्ज किया। और उन्हें बलात घर से उठाकर जेल भेजा गया। तुमगांव के पार्षदों व नागरिकों ने बलरामकांत की रिहाई तथा फर्जी रिपोर्ट की निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने एएसपी से प्रकरण की जांच कर न्याय दिलाने का निवेदन किया। इस अवसर पर पार्षदगण गौरी साहू, गौतम सिन्हा, शत्रुघ्न कुमार निषाद, लता यादव, चोवाराम टांडेकर, रामशरण निर्मलकर व नगर के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे थे।

# विष्णु के सुशासन में प्रदेश का हो रहा चहुंमुखी विकास : देवेंद्र

## भाजपा नेता कहा: भाजपा काम करने वाली पार्टी, कांग्रेस में गुटबाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार ने चुनाव के समय जो घोषणाएं की थी, उसमें से अधिकतर को अपने कार्यकाल के महज 20 महीने में ही पूरा कर चुका है। शेष वादों पर भी शीघ्र क्रियान्वयन शुरू होगा। आज छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। प्रदेश भर में करोड़ों के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार के गठन के बाद अल्प समय में ही तेजी से अनेक कार्य कराए जा रहे है। सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 1000 रुपए की 11वीं किस्त जारी की जा चुकी है। इसी तरह किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। रामलला दर्शन योजना के तहत अयोध्या धाम में प्रभु राम का निःशुल्क दर्शन भी कराए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 18 लाख आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे बड़ी संख्या में प्रदेश के नागरिक लाभान्वित हो रहे हैं।



चंद्राकर ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि आज कांग्रेस में अंतर्कलह खुलकर सामने आ रहे हैं। कांग्रेस नेताओं में गुटबाजी चल रही है। कांग्रेस आपस में द्वंद्व कर रहे हैं। पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने प्रदेश नेतृत्व पर जो प्रश्न खड़ा किया था वह इसका प्रमाण है। एक दिन पूर्व ही पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने महासमुंद आकर यह स्वीकार किया था कि कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में जो वादे किए उसे पूरा नहीं कर पाई। पूर्व उपमुख्यमंत्री के इस बयान से प्रमाणित होता है कि कांग्रेस अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। छत्तीसगढ़ में इससे पहले डॉ. रमन सिंह ने 15 साल तक नेतृत्व किया। उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सड़कों का जाल बिछा। बिहड़ क्षेत्रों में भी विकास की रोशनी पहुँचाई गई। झूठे वादे कर कांग्रेस ने 2018 में सरकार तो बना लिए लेकिन उन वादों को पूरा करने में असमर्थ रहे। केवल भ्रष्टाचार, कमीशन खोरी पूरे 5 साल चला।

शराब घोटाले जैसे मामले कांग्रेस शासन में सामने आए। आज उसी का परिणाम है कि कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी खुलकर सामने आ रही है। देवेंद्र ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ का विकास यहां की जनता देख रही है।

# बारिश भी मोहगांव बरबसपुर की स्वच्छता समूह के हौसलों को नहीं हरा पाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खल्लारी

प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी सोच स्वच्छ भारत अभियान को मूर्त रूप देने में विगत 6 से 7 वर्षों से स्वच्छता समूह मोहगांव और बरबसपुर की महिलाएं लगी हुई है। इन समूह की महिलाओं के हौसला के आगे न तो कड़कड़ाती धूप जीत पा रही है और सर्दी और न ही बारिश।

बता दें कि चेतन साहू बालमित्र थाना खल्लारी नेतृत्व में यह अभियान व्यापक रूप से प्रत्येक रविवार को चलाया जाता है। जिसमें महिलाएं घर से झाड़ू पकड़ कर निकलते है और गांव के अलग अलग वार्ड, मोहल्ला, स्कूल, हैंडपंप, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, आंगनबाड़ी तालाब



के साथ साथ मुख्य मार्गो की साफ सफाई करते है। साथ ही गांव में किसी के घर दुख सुख के कार्यक्रम में निःस्वार्थ अपनी सेवा देते हैं। आलम यह है कि आसपास के गांव में कुछ कुछ अनुकरण कर रहे है। समूह के महिलाओं द्वारा स्वच्छता के साथ शासन प्रशासन के नीतियों कार्यक्रमों का भी नारा रैली के माध्यम से जनजागरण का कार्य भी करती है, जिससे कई बार शासन प्रशासन से पुरस्कृत भी हो चुके है। उक्त सेवा भाव में अधिकांश महिलाएं निराश्रित, विधवा, परित्यकता दिव्यांग व एकाकी महिला है। इस महाभियान को सफल बनाने में नर्मदा दीवान, पार्वती, जमुना, पार्वती, तोष पुन्नी कुमारी धनमोटिन, मथुरा, घुरूवा, कमला, लीला बाई, आरती, शांति, लता लगे हुए हैं।

## सतनामी समाज ने सामाजिक रूप से भंवरपुर को बसना से पृथक ब्लॉक बनाया

# भंवरपुर ब्लाक के ईश्वर अध्यक्ष एवं अनिज युवा अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा बसना ब्लॉक के वृहद क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए सामाजिक रूप से विभाजित कर भंवरपुर ब्लॉक की गठन करने बाबत मंडी प्रांगण में बैठक हुई। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व महासचिव एवं वरिष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एसआर बंजारे, प्रदेश सहसचिव दिनेश बंजारे, जिलाध्यक्ष विजय बंजारे व युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महासमुंद जिला प्रभारी मधुबाला रात्रे, जिला उपाध्यक्षद्वय हीरालाल कोयल, खोशिल गेंड्रे, महिला प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष कुमारी भास्कर, कार्यकारिणी सदस्य रामकुमार गायकवाड़, चंदन रात्रे, बाबूलाल कुर्रे, सियाराम खटकर के विशेष अतिथि तथा भंवरपुर क्षेत्र के सामाजिक गांव से आए प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पृथक भंवरपुर ब्लॉक के गठन किया गया।

पूजा अर्चना के साथ बैठक की शुरुआत एसआर बंजारे ने प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की नियमावली और चुनाव प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। दिनेश बंजारे ने प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश एवं जिला में विभिन्न रचनात्मक कार्यों पर प्रकाश डाला। मधुबाला रात्रे ने कहा कि महिलाओं की जितनी ज्यादा भागीदारी होगी, समाज उतना ही जल्दी समाज में संस्कार आएगी। इसलिए महिलाओं को समाज के बैठकों में



अधिक संख्या में लाने की जरूरत है, तभी संगठन के प्रति और संगठन के कार्य के प्रति विश्वास जागेगी। कुमारी भास्कर ने कहा कि हम छोटे-छोटे संस्था में बंटे रहेंगे तो संगठित नहीं होंगे, इसलिए प्रदेश की सबसे बड़ी सामाजिक संगठन प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के बैनर में संगठित हो तथा अन्य संगठन का विलय करने की अपील की। जिलाध्यक्ष ने विजय बंजारे ने समाजजनों से सहमति लेकर पदाधिकारियों का मनोनयन की प्रक्रिया पूर्ण किया तथा खोशिल गेड्रे ने ब्लाक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का घोषणा किया। ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर ईश्वर सिंह भारद्वाज, तीन पुरुष उपाध्यक्ष में भीम राव जाटवर तरेकेला, बाबूलाल कुर्रे साजापाली, डमरूधर रात्रे तथा एक उपाध्यक्ष रामकुंवर लहरे कापुडीह, सचिव सेतलाल खूंटे कर्राभौना, सहसचिव सालिकराम टंडन लोहरीपुर, कोषाध्यक्ष रामकुमार भारती, मीडिया प्रभारी सुखदेव भारद्वाज, प्रवक्ता सेत कुमार भार्गे सुखापाली, सलाहकार अक्ती राम ओगरे। इसी प्रकार युवा प्रकोष्ठ के ब्लॉक पदाधिकारी के मनोनयन में ब्लॉक अध्यक्ष अनिज कुमार रत्नाकर, उपाध्यक्ष पुरंदर बंजारे, सचिव उसत कुमार टंडन को बनाया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से सरायपाली ब्लॉक अध्यक्ष श्यामलाल बारिक, चित्र कुमार भारती ब्लॉक अध्यक्ष महासमुंद, सरायपाली युवा ब्लॉक अध्यक्ष मुरलीधर बारिक, बागबाहरा युथ उपाध्यक्ष सोनू टंडन व क्षेत्र कूसमाज प्रमुखों में वृंदावन, गीता प्रसाद शोभाराम कोसरिया, रमेश ओगरे, राजेश कोसरिया, देवलाल बंजारे, वेदराम रमेश कुमार ओगरे, अक्ति राम ओगरे, धनेश्वर भास्कर, फूल सिंह बंजारे, तुलाराम, मोतीराम जटवार, नारायण, नकुल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार प्रकाशन //

रा.प्र.क्र... /ब-121/वर्ष 2024-25
ग्रामः बाम्हनसरा, प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. कोमाखान
तहसील कोमाखान, जिला महासमुन्द (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक फन्नसराम पिता रामप्रसाद जाति गोंड़ निवासी बाम्हनसरा तहसील कोमाखान जिला महासमुंद के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि, उनकी माता खवसीन पति रामप्रसाद का मृत्यु दिनांक 13.04.2007 को ग्राम बाम्हनसरा तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द में हुआ है। किन्तु आवेदक की अज्ञानता एवं कानून की सही जानकारी नहीं होने के कारण आवेदक द्वारा अपनी माता खवसीन पति रामप्रसाद की मृत्यु की सूचना नियत समय में ग्राम कोटवार एवं ग्राम पंचायत बाम्हनसरा को नहीं दे पाया, जिसके कारण रजिस्ट्रार ग्राम पंचायत बाम्हनसरा के द्वारा आवेदक की माता खवसीन पति रामप्रसाद का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। अतः आवेदक के द्वारा अपनी माता खवसीन पति रामप्रसाद का मृत्यु दिनांक 13.04.2007 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है. जिसमें आगामी पेशी दिनांक 18.09.2025 को नियत है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर/दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 18.09.2025 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर/दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 02.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार कोमाखान**

## खबर संक्षेप

### छपोराडीह में डीजे डांस प्रतियोगिता कल

**महासमुंद।** ग्राम छपोराडीह (सिरपुर) में नव युवा एवं दुर्गा समिति द्वारा 4 सितंबर को डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन तिरंगा चौक में किया गया है। मंच का संचालन शिक्षक बाबूलाल ध्रुव, भोजराम ध्रुव, मनीष पांडे करेंगे। आयोजककर्ता अध्यक्ष भोजराम ध्रुव, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, सचिव विकास साहू, रामकुमार ध्रुव, सियाराम साहू, श्यामलाल यादव, रजन ध्रुव, बलदेव साहू, परसराम पटेल, रथराम साहू, महेश सिन्हा, पुरुषोत्तम साहू आदि तैयारी में जुटे हुए हैं।

### वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में सुखरीडबरी के 5 खिलाड़ियों का चयन

**बागबाहरा।** 4 से 7 सितंबर तक पाटन में आयोजित शालेय राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए सुखरीडबरी के पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इसमें दारिनी पनुरिया कस्तूरबोड, लोक दामिनी, राज नंदिनी सुखरीडबरी, राधा पटेल दावनबोड, उमाशंकर अनवरपुर ये सभी खिलाड़ी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीडबरी में अध्ययनरत है। इन खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के आधार पर हुआ हैं। इसके पूर्व भी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीडबरी से खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, जो क्षेत्र के लिए गौरव का विषय रहा हैं। इन खिलाड़ियों के चयन पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, सहायक खेल शिक्षा अधिकारी अंजलि बरमाल, संस्था के प्राचार्य कोयल सिंह सबर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके वर्मा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामता प्रसाद मन्नाडे, विधायक प्रतिनिधि कमल चक्रधारी, संस्था के समस्त स्टॉफ और ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

### महाविद्यालय 9 को पुस्तक मेला का आयोजन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह के अन्तर्गत शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विवेकानंद सभागार में 9 सितंबर प्रातः 11 बजे से 5 बजे तक पुस्तक मेला का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि विधायक एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा होंगे। विशिष्ट अतिथि संदीप दीवान अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, संदीप घोष पार्षद, कमलेश ध्रुव प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज, रमेश साहू अध्यक्ष पिटियाझर सोसायटी होंगे। कार्यक्रम में अनेक बुक डीपो द्वारा प्रदर्शन लगाई जाएगी। इसके अलावा सामाजिक एवं धार्मिक संस्था गायत्री परिवार, ब्रह्मकुमारी संगठन, पंतजली चिकित्सालय, बालाजी कृष्ण गोपाल सेवा समिति द्वारा भारतीय धर्म संस्कृति, पाठ्यक्रम संबंधी साहित्य महापुरूषों की जीवनी प्रतियोगिता परीक्षा संबंधी एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधी पुस्तकें प्रदर्शित की जाएगी। जनसम्पर्क विभाग महासमुंद द्वारा शासन की योजनाओं संबंधी पुस्तकों की प्रदर्शनी एवं पंपलेट का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। प्राचार्य दुबे एवं संयोजक डॉ.आरके अग्रवाल ने छात्रों, नागरिकों से पुस्तक मेला का लाभ उठाने आव्हान किया है।

**चर्चा : रोजगार मेला आयोजन के लिए व्यापक तैयारी करने के निर्देश**

# सभी अनुविभागीय अधिकारी स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों का सतत निरीक्षण करें : प्रभारी कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रभारी कलेक्टर हेमंत नंदनवार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा एवं रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी के माध्यम से जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित सभी ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रभारी कलेक्टर नंदनवार ने कहा कि सहकारी समिति में खाद पहुंचने पर इसे तत्काल किसानों को बांटना सुनिश्चित करें। साथ ही ऐसे निजी दुकानों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें जहां अवैध खाद का भंडारण एवं ऊंचे दामों पर बेचने की शिकायत प्राप्त हो रही है। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। डीएमओ ने बताया कि बसना और सरायपाली में 250-250 टन यूरिया की खेप आगामी दो दिन में पहुंचेगी, जिसे किसानों को वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खाद के भंडारण के पश्चात सभी विकासखंडों में वितरण सुनिश्चित करें। वहीं कृषि विभाग की समीक्षा में




डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए सभी राजस्व अधिकारियों को फील्ड में जाकर सर्वे प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं। किसान पंजीयन के लिए शत प्रतिशत किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाले वृहद रोजगार मेला के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर बेरोजगार युवक-युवतियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल करने के निर्देश दिए हैं। ज्ञात है कि रोजगार मेला का आयोजन शासकीय वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय मचेवा में किया जाएगा।

प्रभारी कलेक्टर ने बच्चों में कुपोषण को दूर करने के लिए जिला अस्पताल के पोषण पुनर्वास केंद्र में नियमित रूप से भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को इस संबंध में सभी मितानिनों को आवश्यकतानुसार लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग का भी आवश्यक सहयोग लिया जाए। आंगनवाड़ी केंद्रों के सतत निरीक्षण के लिए सभी पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए गए। उन्होंने रजत जयंती समारोह की तैयारियों की भी समीक्षा की और सभी विभागों को विशेष उपलब्धियों के साथ कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में समय-सीमा में डेटा अपलोड करने, तथा ई-ऑफिस का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने 15 वर्ष से अधिक पुरानी शासकीय वाहनों की नीलामी हेतु संबंधित जानकारी प्रस्तुत करने को कहा।

उन्होंने आवारा पशुओं की समस्या को लेकर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पशु मालिकों पर अपने पशुओं को सड़क पर खुला छोड़ने पाए जाने पर जुर्माना लगाना जारी रखें। पंचायत स्तर पर पशुओं को रखने की स्थानीय व्यवस्था की जाए। पशुपालन विभाग द्वारा बताया कि पिछले सप्ताह तक सड़क से विस्थापित पशुओं की संख्या 3780 व 336 पशुओं पर रेडियम बेल्ट लगाया गया एवं 236 पशुओं पर टेगिंग किया गया है। अब तक कुल एक लाख एक हजार 500 रुपए का पेनाल्टी वसूल किया गया है। अवैध शराब बिक्री पर ठोस कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस और आबकारी विभाग को दिए हैं। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारियों को सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में समय-सीमा में प्राप्त पत्रों की समीक्षा, जनशिकायत निवारण, एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

## बेटा जौतिया महापर्व एवं चिल्हारीडार पूजा कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड समाज सुवरमाल राज के ग्राम बाघामुड़ा में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्कल व राज के सभी पदाधिकारियों ने बेटा जौतिया महापर्व एवं चिल्हारीडार पूजा कार्यक्रम को लेकर ग्राम छिबर्रा, बाघामुड़ा में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सुवरमाल राज के सभी पदाधिकारियों सहित गोंड़ समाज के महिला पुरूष, युवक युवती शामिल हुए। इस दौरान समाज के सभी सदस्यों के हर घर एवं अन्य राज में आमंत्रण पत्र पहुंचाने के साथ साथ सभी पदाधिकारियों को कार्यक्रम के लिए अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सर्कल व राज में इनकी तैयारियां जोरशोर से की जा रही है। इस दौरान सर्कल अध्यक्ष अरुण ठाकुर ने समाज के लोगों को भरपूर सहयोग करने का आग्रह किया। समाज प्रमुख को अवगत कराया कि इस कार्यक्रम में दस हजार से अधिक समाज के लोग शामिल होंगे। इस

बैठक में देवसिंह ठाकुर, राजू ठाकुर, भगवानी ठाकुर, कोमल सोम, भारत सिंह ठाकुर, राजूराम ठाकुर, मनोज कुमार ठाकुर, शंकर ठाकुर, खेमराज ठाकुर, तूफान दीवान, अरूण ठाकुर, खेमलाल ठाकुर, रोहित ठाकुर, प्यारे ठाकुर, अरविंद ठाकुर, गेशराम, यशवंत, टिकेश्वर, परसुराम ठाकुर, नेतराम ठाकुर, जय सिंघा धुर्वा सेवा समिति के सदस्य खोमन छैदेहा, हेमसिंग जगत, थानू नेताम, थानुराम जगत, प्रेमसिंह जगत समेत समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### बाजार वार्ड में विराजित गणपति की महाआरती और छप्पन भोग 5 को

**महासमुंद।** शहर के बाजार वार्ड में विराजित गणपति पंडाल में 5 सितंबर को गणपति बप्पा की महाआरती और महाभोग छप्पन भोग का आयोजन किया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने बताया कि संध्या 8 बजे भक्त गण उपस्थित होकर महाआरती में शामिल हों और वे भी इस दौरान अपने भोग अर्पित कर पाएंगे। पश्चात प्रसाद वितरण होगा।

## महाराष्ट्रीयन परिवार में महालक्ष्मी पूजन की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महालक्ष्मी के आगमन के साथ बीते दो दिनों से महाराष्ट्रीयन परिवारों में उत्सव का माहौल रहा। तीसरे दिन याने मंगलवार को हल्दी कुमकुम के आयोजन के साथ महालक्ष्मी की विदाई हुई। इसके पूर्व आगमन पर महालक्ष्मी की जोरदार आवभगत हुई और पूरे उत्साह के साथ स्थापना और पूजन हुआ।

बता दें कि महाराष्ट्रीयन परिवारों द्वारा महालक्ष्मी के आगमन का वर्ष भर इंतजार रहता है। सप्ताह भर से परिवारजन इसकी तैयारी में जुट जाते हैं। साफ-सफाई और रंग-रोगन पश्चात सोमवार को श्रेष्ठ मुहूर्त में स्थापना हुई। महालक्ष्मी पूजन पर्व के दूसरे दिन हाउसिंग बोर्ड स्थित



डफले परिवार द्वारा उत्साहपूर्वक माता का पूजन किया गया। जिसमें महिलाओं-पुरुषों, बच्चों ने भी व्रत रखकर पूजा की। बड़ी पूजा में घर परिवार के अलावा रिश्तेदार तथा पास-पड़ोस के लोग भी शामिल हुए। घर-आंगन और स्थापना स्थल को रंगोलियों तथा विद्युत झालरों से सजाया गया है। इस दौरान कुछ खास किस्म के पौधों की पत्तियां और फूल, दूर्वा 16-16 की मात्रा पूजा के दौरान अर्पित कर 16 प्रकार की सब्जियों का भोग लगाया गया। इस दौरान आरती-भजनों का सिलसिला चलता रहा। और सोमवार देर शाम पंगत भोज में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

तीसरे दिन मंगलवार को महिलाओं द्वारा हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके पश्चात महालक्ष्मी को विदाई दी गई। 3 दिन से उनकी सेवा में जुटे भक्तों की आंखे विदाई के दौरान नम रहीं।

### श्रमिकों के पंजीयन और योजनाओं के लाभ के लिए मोबाइल कैंप 5 से

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के पंजीयन नवीनीकरण और योजनाओं के आवेदन एवं निराकरण के लिए मोबाइल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इन कैंपों का आयोजन विकासखंडवार अलग अलग तिथियों पर किया जाएगा। मोबाइल कैंप का आयोजन जिले में 5 सितंबर से 15 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। जिसमें सरायपाली विखं में 05 सितंबर को ग्राम कनकेवा में, 12 को राफेल, 19 को कुसमीसरार, 26 सितंबर को बरिहापाली, 06 अक्टूबर को बैदपाली, 10 को अर्जुन्दा एवं 15 अक्टूबर को रूढ़ा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार पिथौरा विखं अंतर्गत 8 सितंबर को धनोरा में, 15 सितंबर को बरेकेलखुर्द, 22 को कसीबहरा, 29 सितंबर को पिलवापाली, 7 अक्टूबर को अरंड एवं 13 अक्टूबर को छिंदौली में, बसना विखं अंतर्गत 9 सितंबर को आमापाली में, 16 सितंबर को खरोरा, 23 सितंबर को परसकोल, 30 सितंबर को भूकेल, 8 अक्टूबर को चिमरकेल, 13 अक्टूबर को कायतपाली एवं 15 अक्टूबर को बिटांगीपाली में कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत 10 सितंबर को मोंगरापाली, 17 सितंबर को डोंगरगांव, 24 सितंबर को ख़ैरटखुर्द, 01 अक्टूबर को कलमीदादर, 9 अक्टूबर को तुपकबोरा, 14 अक्टूबर को गांजर में, महासमुंद विकासखंड अंतर्गत 11 सितंबर को उमरदा में, 18 सितंबर को सोरिद, 25 सितंबर को कौंदकेरा, 3 अक्टूबर को जामली, 10 अक्टूबर को साराडीह एवं 14 अक्टूबर को बकमा में मोबाईल कैंप लगेगा।

# एग्रीस्टेक पंजीयन कराना अनिवार्य, नहीं तो धान खरीदी से हो सकते हैं वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

- पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2025 थी, जो कि कुछ ही दिनों के लिए अभी खुला

एग्रीस्टेक पंजीयन कराना अनिवार्य है। नहीं कराने पर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से वंचित हो सकते हैं। शारान अब एग्रीस्टेक में पंजीयन अनिवार्य कर दिया है। कोमाखान के शाखा प्रबंधक नरेंद्र सिंह ठाकुर ने सभी किसानों से अपील की है कि एग्रीस्टेक पंजीयन करा कर किसान पंजीयन करा लें। ताकि, समर्थन मूल्य धान खरीदी से वंचित न हो।

बता दें कि एग्रीस्टेक में पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2025 थी, जो कि कुछ ही दिनों के लिए अभी खुला है। ठाकुर ने बताया कि सभी किसान एवं अमानतदार अपने बैंक खाते को आधार से लिंक करा लें। ताकि, सभी शासकीय कार्यों, किसान सम्मान निधि, केसीसी ऋण एवं सभी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा हो सके। उन्होंने बताया कि एग्रीस्टेक पंजीयन नही होने पर किसान को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केंद्रों में धान बेचने में समस्या हो सकती है। उन्होंने बताया कि पंजीयन की प्रक्रिया के लिए किसान अपने नजदीकी सहकारी समिति या किसी भी चॉइस सेंटर में अपना आधार कार्ड और ऋण पुस्तिका लेकर जाए और निःशुल्क रजिस्ट्रेशन करवाएं। एग्रीस्टेक में पंजीयन का उद्देश्य किसानों का एकीकृत डेटाबेस तैयार करना है। ताकि, सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से लाभार्थियों तक पहुँच सके। इससे धोखाधड़ी, धांधली और गड़बड़ी जैसे घटनाओं को आसानी से रोकने एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में असानी होगी। उन्होंने कहा कि सभी किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने के विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। ठाकुर ने यह भी अपील की हैं कि अगानतदारों को बैंक में आसानी से एटीएम कार्ड दिया जा रहा है, उसका लाभ ले। ताकि, कभी भी कही भी एटीएम या समिति के माइक्रो एटीएम से राशि निकाल सके। उन्होंने यह भी बताया कि बैंक के सामने रामिति द्वारा प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र खुला है। जिसमें स्वास्थ से संबंधित सभी आवश्यक दवाई मार्केट दर से 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक कम दाम में उपलब्ध है। सभी समितियों में चॉइस सेंटर का कार्य कर रही है, जिसमें सभी प्रकार की बिल भुगतान, रेलवे टिकट, हवाई टिकट, मोबाइल एवं अन्य रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध है।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री सिंहदेव का नपाध्यक्ष ने किया स्वागत



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के प्रथम उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का महासमुंद आगमन पर नगर पालिका अध्यक्ष कक्ष में नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू समेत समस्त सभापतिगण व पार्षदों ने आत्मीय स्वागत किया। पश्चात शहर के राजनीतिक परिदृश्य को लेकर सिंहदेव ने आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर अमरजीत चावला पूर्व महामंत्री, ज्योति रिंकू चंद्राकर, जय देवांगन, गुलशन साहू, जितेंद्र ध्रुव, सूरज नायक, मुस्ताक खान, राहुल आवड़े, नीरज चंद्राकर, मुन्ना देवार, राजेश नेताम, शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, शुभम चंद्राकर, अब्दुल सूफियान, कान्हा प्रधान, आशीष सिक्का, उकेश प्रजापति, होरी लाल साहू, मैंडी साहू, रफ़ीक, सीतेश साहू, सलीम खान, अजय साहू, बिल्लू सोनी, बिट्टू साहू, हितेश शर्मा आदि उपस्थित थे। पश्चात पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव, नगर पालिका अध्यक्ष साहू के गृह निवास पहुंचे। जहां विराजित भगवान श्रीगणेश की उन्होंने पूजा की। उनके निवास पर आत्मीय मुलाकात कर उन्होंने भोजन ग्रहण किया।

**आवास के साथ ही 1 किलोवाट का सौर ऊर्जा संयंत्र शामिल करने की मांग**

# ग्रामीण आवास लागत मूल्य बढ़ाने पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि 2016 से जमीनी हकीकत में शुरू हुई प्रधानमंत्री आवास योजना की लागत आज 2025 में भी केंद्र शासन 1 लाख 20 हजार मान रही है। इसके उलट शहरी आवास की कीमत बढ़ाकर 2 लाख 28 हजार कर चुकी है। जबकि, पूरा सामान घर बनने का शहरों से दूर से जाता है। जिसके कारण लागत और बढ़ जाती है।

अंकित ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का सर्वे पूरे देश में यूपीएनीत कांग्रेस की केंद्र सरकार के समय 2011 में हुआ। जिसे 2013 में पंचायत से प्रस्ताव पारित करवा लिया गया। इसी की परिणिति ये हुई कि सरकार बदलने के बाद भी अप्रैल 2016 से इसे लागू करना पड़ा और तब से आज दस साल बीत जाने और मंहगाई की सीमा कई गुना बढ़ने के बाद भी प्रधानमंत्री आवास



(ग्रामीण) की लागत आज भी केंद्र की भाजपा सरकार मात्र 1 लाख 20 हजार ही मान रही है और 90 दिन की मनरेगा मजदूरी भी जोड़ दें तो 20 हजार रुपए और जुड़ जाता है। लगातार अपने क्षेत्रीय भ्रमण में ग्रामीणों से चर्चा उपरांत ग्रामीणों ने बताया कि 270 वर्ग फीट का निर्माण आज बहुत महंगा हो चुका है। हमें सामग्री भी शहर से लानी पड़ती है और शहरी आवास को ज्यादा कीमत मिल रही है। ऊपर से साय सरकार ने बिजली मूल्य में भी वृद्धि कर दी है। अब हम गरीब कैसे जिएंगे। इस समस्या से अवगत हो आज तत्काल अंकित बागबाहरा ने देश के प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम बागबाहरा को पत्र सौंपा और मांग की कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण की लागत मूल्य बढ़ाकर 3 लाख 25 हजार की जाए और उसमें एक किलोवाट का सौर ऊर्जा संयंत्र की लागत भी शामिल हो। क्योंकि, वर्तमान में केंद्र और राज्य मिलाकर एक किलोवाट के में लगभग 45 हजार की सब्सिडी दे ही रहे हैं। इस पत्र को अंकित बागबाहरा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भी सौंपेंगे। यह ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में तहसीलदार नंदिनी वर्मा को सौंपा गया। इस दौरान सरपंच गौरी मुकेश ठाकुर, कोमल बाई सरपंच, सरपंच प्रतिनिधि हीरादास टंडन, उपसरपंच केवल यादव, पूर्व उपसरपंच देवानंद साहू, गोपाल साहू, गणेश देवांगन, राजू नेताम, हरिश्चंद साहू, सत्यजीत साहू, लोकेश ध्रुव, धनेश लहरे, राहुल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

